# व्यावसायिक अर्थशास्त्र - 2012

समय : 3 घण्टे ] कक्षा : 12वीं [ पूर्णांक : 100

निर्देश- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(iii) प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं- खण्ड अ और खण्ड ब।

(iv) खण्ड-अ में दिये गये प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके अन्तर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति, सत्य/असत्य, सही जोड़ी बनाना, एक शब्द में उत्तर देना तथा सही विकल्प का चयन करना है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

(v) खण्ड ब में प्रश्न क्रमांक 6 से 20 में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आबंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द।

(vii) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आबंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 100शब्द।

(viii) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक आबंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 125 शब्द।

## खण्ड - अ ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- 5

(अ) श्रम जो मुद्रा के रूप में मापा जाता है..............मजदूरी कहलाता है।

(ब) दीर्घकाल में एकाधिकारी फर्म को..............मिलता है।

(स) जूट उद्योग का स्थानीयकरण भारत के...........राज्य में हुआ है।

(द) ............आय देश के आर्थिक विकास का सूचक होती है।

(इ) आय में वृद्धि होने पर उपभोग व्यय में तुलनात्मक रूप से............वृद्धि होती है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित का सत्य या असत्य में उत्तर दीजिए- 5

(अ) मुद्रा ने वस्तु विनिमय के दोषों को जन्म दिया है।

(ब) एकाधिकार में माँग की आड़ी लोच शून्य होती है।

(स) लाभ एक अनुबंधित आय नहीं है।

(द) स्टॉक में परिवर्तन = अंतिम स्टॉक - प्रारंभिक स्टॉक

(इ) अप्रत्यक्ष कर निश्चित होता है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित का एक शब्द में उत्तर दीजिए- 5

(अ) कौन-सा कर नागरिक चेतना को जाग्रत करता है?

(ब) भारत में सर्वाधिक कपास उत्पादक राज्य का नाम बताइए।

(स) प्रो. कीन्स द्वारा प्रतिपादित ब्याज के सिद्धांत का नाम बताइए।

(द) अभावी माँग को संतुलित करने का सर्वोत्तम उपाय क्या है?

(इ) संतुलित बजट का अर्थ।

प्रश्न 4. सही जोड़ियाँ बनाइए- 5

| अ | ब |
|---|---|
| (अ) बजट की विशेषता | (1) 29 फरवरी |
| (ब) भारत में बजट की स्वीकृति | (2) वेतन |
| (स) राजस्व का संबंध | (3) लाभ |
| (द) राजस्व है | (4) केवल विज्ञान |
| (इ) संगठक | (5) आय-व्यय |
| | (6) 31 मार्च |
| | (7) कला व विज्ञान |
| | (8) आय-व्यय का पूर्ण विवरण |

प्रश्न 5. सही विकल्प चुनिए- 5

(अ) वित्त मंत्रालय द्वारा तैयार बजट को सबसे पहले रखा जाता है-

(1) संसद में (2) लोक सभा में

(3) राज्य सभा में (4) मंत्रिपरिषद में

(ब) वस्तु विनिमय क्यों आवश्यक है?

(1) आत्मसंतोष के लिए (2) आवश्यकतानुसार वस्तुएँ पाने हेतु

(3) समाज सेवा के लिए (4) ये तीनों

(स) 'बाजार' से हम समझते हैं-

(1) एक सम्पूर्ण क्षेत्र (2) एक स्थान विशेष

(3) एक नगर (4) एक देश

(द) खरीफ की फसल बोयी जाती है-

(1) जून-जुलाई में (2) अक्टूबर-नवम्बर में

(3) जनवरी-फरवरी में (4) फरवरी मार्च में

(इ) निम्नलिखित में से कौनसा उद्योग आधारभूत उद्योग है?

(1) सूती वस्त्र उद्योग (2) जूट उद्योग

(3) लोहा एवं इस्पात उद्योग (4) चाय उद्योग

## खण्ड - ब ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

प्रश्न 6. विनियोग करने के दो कारण बताइए। 4

( अथवा ) कीन्स के अनुसार बेरोजगारी क्यों होती है?

प्रश्न 7. न्यून माँग के चार कारण लिखिए। 4

( अथवा ) वस्तुओं तथा सेवाओं की विदेशी माँग किन-किन बातों पर निर्भर करती है?

प्रश्न 8. "सूचकांक आर्थिक वायुमापक यंत्र होते हैं।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। 4

( अथवा ) समान्तर माध्य के चार गुण लिखिए।

प्रश्न 9. भारत की राष्ट्रीय आय कम होने के चार कारणों को लिखिए। 4

( अथवा ) राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय में चार अन्तर समझाइए।

प्रश्न 10. राष्ट्रीय आय मापने की आय गणना विधि को समझाइए। 4

( अथवा ) निम्नलिखित आँकड़ों से राष्ट्रीय आय की गणना कीजिए:

| | |
|---|---|
| (1) वेतन | 60,000 ₹ |
| (2) किराया | 20,000 ₹ |
| (3) लाभ | 20,000 ₹ |
| (4) ब्याज | 10,000 ₹ |
| (5) उपभोग | 50,000 ₹ |
| (6) सकल घरेलू उत्पाद | 8,000 ₹ |

## लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 11. व्यष्टि अर्थशास्त्र तथा समष्टि अर्थशास्त्र में अन्तर के किन्हीं पाँच बिन्दुओं को समझाइए। 5

( अथवा ) व्यष्टि अर्थशास्त्र की परिभाषा देते हुये इसकी चार विशेषताएँ बताइये।

प्रश्न 12. भारतीय रिजर्व बैंक साख का नियंत्रण कैसे करता है? वर्णन कीजिए। 5

( अथवा ) केन्द्रीय बैंक तथा व्यापारिक बैंक में कोई पाँच अन्तर बताइये।

प्रश्न 13. भुगतान असंतुलन के कोई पाँच कारण बताइये। 5

( अथवा ) भुगतान संतुलन के महत्व को पाँच बिन्दुओं में समझाइये।

प्रश्न 14. भुगतान संतुलन तथा व्यापार संतुलन में पाँच अन्तर बताइये। 5

( अथवा ) विदेशी विनिमय दर के उतार-चढ़ाव के पाँच कारण समझाइए।

प्रश्न 15. बाजार के विस्तार को प्रभावित करने वाले पाँच घटकों को समझाइए। 5

( अथवा ) "विनिमय से राजनैतिक दासता संभव है।" समझाइये।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 16. भारत में बजट प्रक्रिया की मुख्य बातों का वर्णन कीजिए। 6

(अथवा) "बचत का बजट, संतुलित बजट एवं घाटे का बजट पर संक्षिप्त नोट लिखिए।

प्रश्न 17. एक ही व्यवसाय में मजदूरी की भिन्नता के छः कारण स्पष्ट कीजिए। 6

(अथवा) बाल श्रम क्या है? बाल श्रमिकों की दशा सुधारने के लिए पाँच सुझाव दीजिए।

प्रश्न 18. प्रत्यक्ष कर एवं परोक्ष कर में छः अन्तर बताइये। 6

(अथवा) कर अपवंचन के छः कारण लिखिए।

प्रश्न 19. भारतीय लोहा एवं इस्पात उद्योग की छः प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए। 6

(अथवा) महाराष्ट्र एवं गुजरात राज्य में सूती वस्त्र उद्योग केन्द्रित होने के कोई छः कारण बताइए।

प्रश्न 20. आर्थिक विश्लेषण में सांख्यिकी के महत्व को छः बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए। 6

(अथवा) श्योपुर के श्री गर्ग अपनी कक्षा के निम्नांकित आँकड़े प्रस्तुत करते हैं। इन आँकड़ों से समान्तर माध्य की गणना कीजिए:

| प्राप्तांक | छात्रों की संख्या |
|---|---|
| 0–10 | 08 |
| 10–20 | 12 |
| 20–30 | 04 |
| 30–40 | 14 |
| 40–50 | 16 |
| 50–60 | 22 |
| 60–70 | 13 |
| 70–80 | 11 |